राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, पटना शाखा द्वारा आयोजित 'कम्बल वितरण–कार्यक्रम' में गरीबों के बीच कम्बल–वितरित किया

पटना, 20 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन परिसर स्थित राजेन्द्र मंडप में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, पटना शाखा द्वारा आयोजित 'कम्बल–वितरण कार्यक्रम' में झुग्गी–झोपड़ियों में रहनेवाले लगभग 700 गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों के बीच कम्बल–वितरित किया।

कड़ाके की ठंढ को देखते हुए राज्यपाल श्री चौहान ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, पटना को गरीबों के बीच कम्बल–वितरण का निदेश दिया था, जिसके अनुपालन में रेडक्रॉस के अधिकारियों ने तंग–बस्तियों एवं झुग्गी–झोपड़ियों में रहनेवाले गरीब वृद्ध पुरूषों एवं महिलाओं को चिह्नित कर उन्हें राजभवन बुलाया था, जिनके बीच महामहिम राज्यपाल ने आज कंबल वितरित किए।

राज्यपाल ने विभिन्न जिलों में भी रेडक्रॉस शाखाओं के माध्यम से गरीबों में कंबल वितरित करने का निदेश प्रदान किया है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि आपदा–प्रभावित गरीबों को राहत पहुँचाना रेडक्रॉस की प्राथमिकता है और जन–कल्याणकारी कार्यों में उसे पूरी मुस्तैदी के साथ सुदूरवर्ती देहाती क्षेत्रों में भी सहभागिता निभानी चाहिए।

कम्बल–वितरण कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, पटना, राजभवन के संयुक्त सचिव श्री राजकुमार सिन्हा, ब्रांच के चेयरमैन डॉ॰ डी॰के॰ श्रीवास्तव, वाइस चेयरमैन श्री उदयशंकर प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार जायसवाल, महासचिव श्री सलाऊद्दीन खॉं, आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक डॉ॰ राकेश रंजन, कार्यकारणी सदस्य सर्वश्री अजित कुमार सिंह, श्री धनंजय कुमार, श्री विनोद, श्री रामभजन सिंह, श्री शहाबुद्दीन सहित राज्यपाल सचिवालय के वरीय अधिकारी आदि भी उपस्थित थे।

....